**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 09 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक- 29.09.2024**

**दिनांक- 28/29.09.2024 को-**

**01-थाना हसनगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0- 0123/2024 धारा 103(1)/61(2) BNS से सम्बन्धित 07 अभियुक्तो 01-रवि बाल्मिकी 02-कपिल बाल्मिकी 03-अमित कुमार सोनी उर्फ नाना 04-मोनू गौड उर्फ मनीष गौड 05-बब्लू उर्फ सोहित सोनी 06-बृजेश शर्मा उर्फ सौरभ गुप्ता 07-विक्की रस्तोगी उर्फ विकास रस्तोगी**

**02- थाना अलीगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0-252/24 धारा 64(1)/137(2)/87/115(2)/352/351(2) BNS व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त शहबान**

**03-थाना तालकटोरा में पंजीकृत मु0अ0सं0-205/2024 धारा 308(2)/64/351(2) BNS व 66ई आईटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राजा सिंह गिरफ्तार।**

## जोन-दक्षिणी

**अवैध शराब के साथ के गिफ्तार-थाना मोहनलालगंज-**

दिनांक 28.09.2024 को उ0नि0 अर्जुन सिंह थाना मोहनलालगंज द्वारा दौराने गस्त मय महिला हमराही फोर्स अभियुक्ता 01-निशां पत्नी अनिल निवासिनी ग्राम इन्द्रजीत खेड़ा थाना मोहनलालगंज, लखनऊ को ग्राम इन्द्रजीतखेड़ा से करीब 05 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 446/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत करते हुए वैधानिक कार्यवाही की गयी।

## जोन-उत्तरी

**मारपीट-थाना बीकेटी-**

दिनांक 29.09.2024 को समय करीब रात्रि 07.29 बजे वादी मुन्ना निवासी बक्सी का तालाब थाना बीकेटी, लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी जिसमें दिनांक 28.09.2024 को वादी अपने घर के पास मस्जिद से समय करीब रात्रि 08.00 बजे की नमाज पढ़कर अपने घर वापिस आ रहा था, तभी वसी अहमद पुत्र स्व0 समी, तालिब व आरिफ पुत्रगण वसी अहमद व 2-3 अन्य लोगों ने वादी के घर के दरवाजे पर वादी को रोककर गाली-गलौज करके मारने पीटने लगे तब वादी अपने घर मे घुस गया, तो ये लोग वादी व उसकी पत्नी को मारने पीटने लगे मारने लगे। शोर-शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग आ गये तो ये लोग वादी को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गये, अंकित तथ्य है। **वादी द्वारा दी गयी तहरीर के क्रम में तत्काल थाना बीकेटी पर मु0अ0सं0 282/2024 धारा 191(2)/115(2)/351(2)/352 बीएनएस बनाम वसी अहमद, तालिब, आरिफ व 2-3 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

## जोन-पूर्वी

**गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर मारपीट-थाना कैंट-**

**दिनांक 28.09.2024 को समय करीब 10.15 बजे रात्रि में श्री अमन सोनी निवासी-बंगला बाजार, लखनऊ द्वारा केकेसी पुल के नीचे एक बाइक पर सवार 03 अज्ञात लोगों द्वारा उनके साथ की गयी गाली गलौज, मारपीट व छीना-झपटी की घटना के बाद आक्रोश में आकर जरिये दूरभाष 112 नं0 पर पुलिस को लूट की सूचना दी गयी थी।**

सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर जानकारी करने व पीड़ित से वार्ता करने पर ज्ञात हुआ कि गाड़ी ओवरटेक को लेकर मारपीट व छीना-झपटी हुयी, जिसमें उसके गले की चेन रुद्राक्ष माला टूट कर कहीं गिर गई।

**वादी द्वारा थाना कैंट पर प्राप्त लिखित सूचना के आधार पर तत्काल थाना कैंट पर मु0अ0सं0-108/2024 धारा 115(2)/351(2)/352 बीएनएस बनाम 03 अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

**मारपीट-थाना चिनहट-**

दिनांक 28.09.2024 को वादी श्री रूद्राक्श मिश्रा पुत्र श्री जटाशंकर मिश्रा निवासी-रामनगर जनपद गोरखपुर हालपता-कराये के मकान पासिटोला गंगाविहार कालोनी कस्बा चिनहट, लखनऊ ने थाना चिनहट पर लिखित सूचना दी जिसमें दिनांक 28.09.2024 को समय करीब 10.30 रात्रि में कुछ अज्ञात लोग करीब 05 से 06 व्यक्ति 02 मोटरसाइकिल से आए और अचानक वादी को मारने पीटने लगे,जिससे वादी को चोटें आई हैं, तथ्य अंकित हैं। **वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर तत्काल थाना चिनहट पर मु0अ0सं0 467/2024 धारा 191(2)/115(2) बीएनएस 05 से 06 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

## जोन-दक्षिणी

**थाना गोसाईगंज-**

दिनांक 28.09.2024 को समय करीब जरिये दूरभाष थाना स्थानीय पर सूचना मिली कि थाना गोसाईगंज कस्बा में गुमटी नं0-05 के पास एक व्यक्ति उम्र करीब 48 वर्ष जो कि काले रंग की सफारी सूट की तरह कपड़े व पैर में चप्पल पहने हुए है की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौके पर ही मृत्यु हो गयी है। **सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायनामा कर मर्चरी में रखवा दिया गया है।** मृतक के शिनाख्त हेतु आस-पास के लोगों से जानकारी की गयी, अभी तक शिनाख्त नहीं हो पायी है। शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाह की जा रही है।

**<u>जोन-पश्चिमी</u>**

**<u>अज्ञात शव-थाना वजीरगंज-</u>**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29/09/2024 को एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 40 वर्ष, इकहरा बदन, रंग सांवला, कद करीब 5 फुट 3 इंच जो नीला जींस पैंट, सफेद बनियान पहने हुये है, का **शव शहीद स्मारक के सामने तिराहे पर मिला है जिसकी शिनाख्त के काफी प्रयास किए गए परंतु शिनाख्त नहीं हो पा रही है।** प्रथम दृष्टया देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ था जिसकी मृत्यु हो गई है। मृतक अज्ञात के शव को वाद पंचायत नामा की कार्रवाई के पश्चात मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया जा रहा है।

**<u>यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल दिये गये नम्बरों पर सूचित करें-</u>**

**प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज मो- 9454403874,**
**चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मुन्ना लाल रिवर बैंक थाना वजीरगंज मो0न0-7017368233 एंव 7839861058**
**धन्यवाद।**

**<u>घर में चोरी-थाना तालकटोरा-</u>**

आज दिनांक 29.09.2024 को वादिनी अफसा राशिद निवासी-राजाजीपुरम थाना तालकटोरा लखनऊ ने थाना स्थानीय पर लिखित सूचना दी जिसमें सुबह में जब वह लोग सोकर उठे तो देखा कि उनके घर से 03 अदद मोबाइल फोन व नगदी चोरी हो गयी है। सीसीटीवी फुटेज में एक लड़की व 01 लड़का घर में चोरी करते हुए दिख रहे हैं। वादिनी को शक है कि चोरी की घटना में घर में काम करने वाली कामवाली शामिल है, तथ्य अंकित हैं। **वादिनी द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल थाना तालकटोरा पर मु0अ0सं0 208/2024 धारा 305 बीएनएस बनाम एक अज्ञात चोर व बाइस्तवा वादिनी की कामवाली के विरूद्ध पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन व सीसीटीवी फुटेज चेक कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**